कोर्ट की कैंटीन से ढाबों तक छापे, 5 को नोटिस

खाद्य सुरक्षा की टीम ने दून से लेकर ऋषिकेश तक की कार्रवाई

शिकंजा

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन की टीम ने दून समेत अन्य क्षेत्रों में छापेमारी कर खाद्य पदार्थों की जांच की। इस दौरान कोर्ट परिसर की कैंटीन में खामियां मिलने पर संचालक समेत 5 अन्य प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया।

शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की अलग-अलग टीमों ने देहरादून नगर निगम क्षेत्र से लेकर नेहरू कॉलोनी, ऋषिकेश, डोईवाला, रानीपोखरी, भानियावाला, विकासनगर में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। टीम ने वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश सिंह के नेतृत्व में देहरादून स्थित कोर्ट परिसर की खाद्य कैंटीन का निरीक्षण किया।

जांच के दौरान मौके पर खाद्य लाइसेंस, पेयजल की जांच रिपोर्ट और कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस संबंधी दस्तावेज उपलब्ध नहीं मिले। इस पर संचालक को नोटिस जारी किया गया। टीम ने नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में स्वाद पंजाब ढाबा और अंगीठी मोमोज में अस्वच्छ परिस्थितियां पाए जाने पर चालान की कार्रवाई की। नेगी जी कुरकुरे हाट, अंगीठी बाय गौरव में पानी की जांच रिपोर्ट, मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र और पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट उपलब्ध नहीं पाए गए। इन प्रतिष्ठानों को भी नोटिस जारी किए गए। राहुल स्वीट्स, चंचल स्वीट्स और आहूजा स्वीट्स को निर्माण तिथि और अवसान तिथि स्पष्ट अंकित करने निर्देश दिए।

अधोमानक खाद्य पदार्थों को लेकर थमाए गए नोटिस

वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी ऋषिकेश संतोष सिंह ने भानियावाला, रानीपोखरी, डोईवाला व ऋषिकेश क्षेत्र में कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच में अधोमानक पाने के मामलों में भी कार्रवाई की। पनीर लूज (आईटी पार्क व विकासनगर), गाय का दूध (सीमाद्वार), सिंघाड़े का आटा और नट फ्लोर (नेहरू कॉलोनी) के नमूने जांच में अधोमानक पाए गए। इस पर नोटिस भेजे गए हैं।

न्याय यात्रा में गूंजा महिला सुरक्षा का मुद्दा

विकासनगर। महंगाई, बेरोजगारी और महिला सुरक्षा के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार को विकासनगर व सहसपुर में न्याय यात्रा निकाली। इस दौरान कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कई गंभीर आरोप लगाए।

चकराता विधायक एवं चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से जनता त्रस्त है। भाजपा स्वयं को सनातन धर्म की सबसे बड़ी हितैषी होने का दावा करती है, पर यहां श्रद्धालुओं का चढ़ाया भी सुरक्षित नहीं है। यात्रा में जोत सिंह गुनसोला, हरक सिंह रावत, आर्येंद्र शर्मा आदि शामिल रहे।

उधर, सेलाकुई में कांग्रेस की यात्रा के दौरान कुछ लोग आर्येंद्र शर्मा और कुछ लोग हरक सिंह के समर्थन में नारे लगाने लगे। नारे लगाते लगाते वह मंच पर पहुंच गए और आमने-सामने आ गए, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। यह देख विधायक प्रीतम सिंह को बीच-बचाव करना पड़ा।

सरकार शुद्ध पेजयल को प्रतिबद्ध: त्रिवेंद्र

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। क्लेमेनटाउन कैंट क्षेत्र के लिए 18.50 करोड़ रुपये की लागत से 22 किलोमीटर लंबी पेयजल लाइन बिछाने और नए ट्यूबवेल निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ।

कार्यक्रम का शिलान्यास हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, धर्मपुर विधायक विनोद चमोली ने किया। इस अवसर पर सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनता को शुद्ध पेयजल देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि भविष्य की पीढ़ी के लिए पानी की बर्बादी रोकना बेहद जरूरी है। विधायक विनोद चमोली ने बताया कि वर्ष 2021 में प्रथम चरण का लोकार्पण हुआ था, लेकिन बचे हुए क्षेत्रों के लिए यह नया एस्टीमेट शासन को भेजा गया था, जो अब धरातल पर है। उन्होंने जल्द ही कैंट क्षेत्र में एक नए पार्क की सौगात देने की बात भी कही। सीईओ हिमांशु सामंत, दर्जाधारी भूपेंद्र कंडारी और भाजपा नेता महेश पांडे ने योजना स्वीकृति के लिए सांसद व विधायक का आभार जताया। मंडल अध्यक्ष कमल राठौड़, अधिशासी अभियंता दीक्षा नौटियाल, सहायक अभियंता चंद्र शेखर कंडवाल उपस्थित रहे।



क्लेमनटाउन में शुक्रवार को सांसद त्रिवेंद्र रावत ने पेयजल योजना का शिलान्यास किया।

एमडीडीए के नोटिस का विरोध जताया

देहरादून। देहरादून जिले में चकराता को छोड़कर अन्य प्राधिकरण क्षेत्रों में आवासीय भवनों का व्यावसायिक इस्तेमाल करने वालों को एमडीडीए की ओर से नोटिस दिए जा रहे हैं। इसे लेकर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, नगर निगम पार्षद विरोध में उतर आए हैं।

कांग्रेस के पार्षद रॉबिन त्यागी ने बताया कि वार्डों में आवासीय कालोनियों में बने मकानों में दुकानें, डेयरी आदि संचालित हो रही हैं। जल्दबाजी में कोई कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। उधर, प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि नोटिस जारी होने के बाद स्वामियों को पक्ष रखने का अवसर भी दिया जा रहा है।

फिल्म 'सूर्या' में डॉक्टरों के चित्रण पर रोष जताया

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) उत्तरांचल शाखा ने फिल्म 'सूर्या-अंत से आरंभ तक' का विरोध किया। शाखा ने फिल्म में चिकित्सा पेशेवरों के कथित आपत्तिजनक चित्रण व स्वास्थ्य कर्मियों के विरुद्ध हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

उन्होंने नाराजगी जताकर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव से हस्तक्षेप कर फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की है। शाखा सचिव डॉ. डीडी चौधरी ने कहा कि फिल्म में डॉक्टरों और चिकित्सा जगत को खलनायक के रूप में दिखाया गया है। संघ ने कहा कि वे रचनात्मक स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावशीलता के लिए जनता का चिकित्सा पेशेवरों पर विश्वास बना रहना जरूरी है।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

विकासनगर। सहसपुर में पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। साथी घायल हो गया।

पुलिस को गुरुवार रात ढाई बजे हादसे की सूचना मिली। सारा कंपनी के पास बाइक सवार अमन (22) पुत्र प्रदीप व विशाल (19) पुत्र महिपाल निवासी सरसावा, यूपी घायल मिले। दोनों को धूलकोट स्थित ग्राफिक एरा अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान विशाल की मौत हो गई।

अजबपुर फ्लाईओवर रोड के विरोध में उतरे लोग

देहरादून, व.सं.। मोहकमपुर आशा रोड़ी एलिवेटेड रोड संघर्ष समिति ने मोहकमपुर से अजबपुर फ्लाईओवर की रोड की निर्माण प्रक्रिया का विरोध किया। उन्होंने एलाइनमेंट बदलने का विरोध कर जंगल किनारे एलिवेटेड रोड बनाने की मांग की।

संघर्ष समिति संयोजक सुशील कुमार, मुकेश शर्मा, प्रदीप भटनागर के नेतृत्व में शुक्रवार को रूपनगर, फ्रेंडस एन्क्लेव व आसपास के सौ से ज्यादा परिवारों के लोगों ने भूमि अध्याप्ति अफसर के दफ्तर पहुंच एडीएम प्रशासन स्मृता परमार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि षड्यंत्र के तहत एलिवेटेड रोड का एलाइनमेंट बदल दिया गया है, जिससे हजारों लोग बेघर हो जाएंगे।

NATIONAL INSTITUTE OF HYDROLOGY ROORKEE

Advertisement No.: Advt.67/10/2026-NIH(Admn.) Dated: 23.10.2026

Advertisement Notice

The National Institute of Hydrology (NIH), Roorkee is organizing a Walk-in-Interview on **dated 16.11.2026 at 11.00 A.M.** for the post of **Project Associate-1** on Contract basis under the project entitled "Geochemical and isotopic fingerprinting of hydrological, hydrometeorological and hydrogeological processes sustaining Yamuna river".

For details of qualifications, experience and general conditions, refer Institute's **Website: www.nihroorkee.gov.in** **(Phone No.01332-272108, 0191-2951715).**

(Saleem Ahmed)
Senior Administrative Officer

SBI
भारतीय स्टेट बैंक

सार्वजनिक सूचना: भारतीय स्टेट बैंक के निष्क्रिय बचत बैंक (नियमित) खाता धारक

यह सूचना उन बचत बैंक (नियमित) खाताधारकों के लिए है, जिनके खाते पिछले दो वर्षों में लेन-देन नहीं करने के कारण निष्क्रिय हो गए हैं।

आपसे अनुरोध है कि आप अपने केवाईसी दस्तावेजों के साथ एसबीआई की किसी भी शाखा से संपर्ककरें या अपने केवाईसी को अपडेट करने के लिए डिजिटल चैनलों जैसे इंटरनेट बैंकिंग/योनो मोबाइल ऐप/एटीएम/व्हाट्सएप बैंकिंग आदि का उपयोग करें।

इस सूचना के एक माह के भीतर अगर 1 वर्ष से अधिक समय से शून्य शेष रखने वाले ऐसे निष्क्रिय खातों की केवाईसी अपडेट नहीं की जाती है तो बिना किसी अन्य सूचना के उन्हें एक माह में बंद कर दिया जाएगा।

भारतीय स्टेट बैंक
दिनांक: 24.10.2026

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
वि0वि0खण्ड(रायपुर), देहरादून, 359/2 धर्मपुर, देहरादून-248001, फोन-(0135) 2679495

पत्रांक : 9383/वि0वि0ख0(रायपुर)/उपाकालि0/देहरादून दिनांक : 23/10/2026

विद्युत बन्दीकरण की सूचना

इस खण्ड के अधीन विद्युत वितरण उपखण्ड बालावाला, देहरादून के क्षेत्रान्तर्गत 33/11 के0वी0 उपसंस्थान – किद्दूवाला एवं स्पोर्टस कालेज से पोषित होने वाले क्षेत्रो में RDSS योजना के अन्तर्गत कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः 33/11 के0वी0 उपसंस्थान किद्दूवाला एवं स्पोर्टस कालेज से पोषित होने वाले निम्नलिखित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति निम्नानुसार पूर्ण/आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

क्र0 सं0	उपसंस्थान का नाम	11 के0वी0 फिडर का नाम	पोषित होने वाले क्षेत्र	दिनांक एवं समय
1	33/11 के0वी0 उपसंस्थान-किद्दूवाला	सोड़ा सरोली	200 बीगा, सोड़ा सरोली, भोपालपानी, पोंधवाला सौड़ा, सौड़ा द्वारा इत्यादि क्षेत्र।	24.10.2026 एवं 27.10.2026 प्रातः 9:30 से 3:00 बजे तक
2	33/11 के0वी0 उपसंस्थान-स्पोर्टस कालेज	मालदेवता	केशरवाला, द्वारा, खेरी मान सिंह, अस्थल, औली, बजेत, मालदेवता, शेरकी, सरखेत इत्यादि क्षेत्र।	27.10.2026 प्रातः 9:30 से 3:00 बजे तक

अतः प्रभावित होने वाले सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि उक्त अवधि में वैकल्पिक व्यवस्था बनाये रखने के साथ ही इस कार्य में अपना सहयोग भी प्रदान करने की कृपा करें। कष्ट के लिए खेद है।

अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्रहित में बिजली बचायें, किसी भी विद्युत समस्या के लिए सम्पर्क करें टोल फ्री नं0 : 1800 419 0405 अथवा 1912, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें, विद्युत बिलों के 24x7 ऑन लाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाए। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 419 0405,/फैक्स नं0 0135-2768011 पर दें)

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मंडल, टिहरी, टिहरी गढ़वाल।
दूरभाष सं०-01376-233228 E-mail : - edctehri@yahoo.in

"ई-निविदा सूचना"

विद्युत वितरण मण्डल टिहरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :- **ई-निविदा संख्या 11/2026-27** विद्युत परीक्षण खण्ड टिहरी के विद्युत परीक्षणशाला चम्बा के अन्तर्गत उपखण्ड टिहरी में के०सी०सी० उपभोक्ताओं के 25 कि०वा० से अधिक के कनेक्शन और सोलर पावर प्लान्टस (19 कि०वा० से अधिक क्षमता वाले) के एम०आर०आई० सम्बन्धी कार्यों का एक वर्ष की अवधि हेतु बाह्य एजेन्सी के माध्यम से सम्पादित करवाने का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू० 1180.00 (कर सहित), निविदा की धरोहर धनराशि रू० 48000.00। **ई-निविदा संख्या 12/2026-27** विद्युत परीक्षण खण्ड टिहरी के विद्युत परीक्षणशाला चम्बा के अन्तर्गत उपखण्ड चम्बा में के०सी०सी० उपभोक्ताओं के 25 कि०वा० से अधिक के कनेक्शन और सोलर पावर प्लान्टस (19 कि०वा० से अधिक क्षमता वाले) के एम०आर०आई० सम्बन्धी कार्यों का एक वर्ष की अवधि हेतु बाह्य एजेन्सी के माध्यम से सम्पादित करवाने का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू० 1180.00 (कर सहित), निविदा की धरोहर धनराशि रू० 63000.00। **ई-निविदा संख्या 13/2026-27** विद्युत परीक्षण खण्ड टिहरी के विद्युत परीक्षणशाला चम्बा के अन्तर्गत उपखण्ड घनसाली एवं प्रतापनगर में के०सी०सी० उपभोक्ताओं के 25 कि०वा० से अधिक के कनेक्शन और सोलर पावर प्लान्टस (19 कि०वा० से अधिक क्षमता वाले) के एम०आर०आई० सम्बन्धी कार्यों का एक वर्ष की अवधि हेतु बाह्य एजेन्सी के माध्यम से सम्पादित करवाने का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू० 1180.00 (कर सहित), निविदा की धरोहर धनराशि रू० 470000.00। निविदा भाग-एक खुलने की तिथि एवं समय दिनांक 18/11/2026 को 12:00 बजे। विस्तृत विवरण के लिए कृपया ई-निविदा वेबसाईट **www.uktenders.gov.in** को देखें।

अधीक्षण अभियन्ता
पत्रांक :-1868/वि०वि०मं०टि०/दिनांक 23.10.2026 विद्युत वितरण मंडल, टिहरी

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें।" विद्युत चोरी की सूचना हेतु सर्तकता अधिकारी से ई-मेल द्वारा PPthakur@uttarakhandpower.org फैक्स द्वारा 0135-2760911 एवं मोबाईल + 91-8958811999 पर एस०एम०एस० द्वारा रिपोर्ट करें।

पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान
NORTH EASTERN INSTITUTE OF AYURVEDA & HOMOEOPATHY
(An Autonomous Institute under the Ministry of Ayush, Govt. of India)
Mawdiangdiang, Shillong, Meghalaya-793018

Advt. No. EST-16/1/2025-AAdministrative Division/H-2756 Date: 12.10.2026

रिक्ति सूचना/VACANCY NOTICE

पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान (पू.आ.हो.सं.), शिलांग द्वारा **प्रतिनियुक्ति के आधार पर उप निदेशक (प्रशासन), नर्सिंग अधिकारी तथा सहायक प्रशासनिक अधिकारी** के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

North Eastern Institute of Ayurveda & Homoeopathy (NEIAH), Shillong is inviting applications for the post of **Deputy Director (Administration), Assistant Administrative Officer on Deputation basis and Nursing Officer on Direct Recruitment/Deputation.**

अधिक जानकारी हेतु इच्छुक उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट **www.neiah.nic.in/www.neiahshillong.in** देख सकते हैं।

For details, interested candidates may visit the Institute website namely **www.neiah.nic.in/www.neiahshillong.in**

Sd/-
Director
NEIAH, Shillong

सीबीसी 17217/11/0006/2627

ऋण वसूली अधिकरण, देहरादून
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग
द्वितीय तल, पारस टॉवर, माजरा सहारनपुर रोड, देहरादून, उत्तराखंड-248171

डायरी संख्या : 1095/2026 **प्रकाशन नोटिस** दिनांक: 16.10.2026
ओ0ए0 संख्या 493/2025

ऋण वसूली एवं दिवालियापन अधिनियम, 1993 के सेक्शन 19 के सब-सेक्शन (4) सपठित उप नियम (2ए) के नियम 5 समय-समय पर संशोधित ऋण वसूली ट्रिब्यूनल (प्रोसीजर) नियम 1993 के अधीन उपस्थित होने की सूचना

बैंक ऑफ महाराष्ट्र बनाम मैसर्स बीएनडी इंडस्ट्रीज एवं अन्य

सेवा में,

1. मैसर्स बीएनडी इंडस्ट्रीज के मालिक मनोज शर्मा पुत्र श्री ऋषि पाल शर्मा, मकान नं- 158(292), चावमंडी, रुड़की, हरिद्वार-247667
2. श्री मनोज कुमार शर्मा पुत्र श्री ऋषि पाल शर्मा प्रोपराइटर मैसर्स बीएनडी इंडस्ट्रीज, मकान नं. 158(292), चावमंडी, रुड़की, हरिद्वार-247667।

जहाँ कि उपरोक्त वर्णित आवेदक बैंक ने आपके विरुद्ध रू. **26,77,276/-** की वसूली हेतु **ओ0ए0 सं0 493/2025** संस्थित किया है, जिसमें कि माननीय न्यायाधिकरण ने ऋण वसूली एवं दिवालियापन अधिनियम, 1993 की धारा 19(4) के सम्मन/नोटिस जारी किया था जो कि माननीय पीठासीन अधिकारी के समक्ष **08.10.2026** को सूचीबद्ध किया गया था।

यह कि, माननीय ट्रिब्यूनल इस बात से सन्तुष्ट है कि सामान्य तरीके से मांग नोटिस जारी किया जाना संभव नहीं है, इसलिए इस प्रकाशन के जरिये दी जा रही सूचना के द्वारा आपको निर्देशित किया जाता है कि आप दि0 **08.01.2027 सुबह 10:30 बजे** को स्वयं व्यक्तिगत रूप से अथवा अपने अधिकृत एजेण्ट या लीगल प्रैक्टिशनर के माध्यम से माननीय ट्रिब्यूनल में उपस्थित हों। इसके अलावा, आपको यह दिखाने की आवश्यकता है कि ओ0ए0 में दी गई राहत की अनुमति क्यों नहीं दी जानी चाहिए और सेट में एक पेपर बुक फॉर्म में अपने बचाव में और यदि कोई हो, तो सभी दस्तावेजों और शपथ पत्रों के तहत अपने बचाव में दायर करें। व्यक्तिगत रूप से या इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर, इस ट्रिब्यूनल में आपके विधिवत अधिकृत एजेंट या कानूनी व्यवसायी के माध्यम से सेट ऑफ, काउंटर क्लेम के लिए आपका बचाव या दावा प्रस्तुत करें।

सूचित हो कि निर्धारित दिवस एवं समय पर ट्रिब्यूनल में आपकी उपस्थिति की चूक की दशा में इस प्रकरण पर सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

दिनांक 16 अक्टूबर, 2026 के दिन अधिकरण की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी।

ट्रिब्यूनल के आदेशानुसार,
'रजिस्ट्रार',
ऋण वसूली ट्रिब्यूनल, देहरादून

उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कारपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UR2001SGC025867, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड, (उत्तर), 18-ई0सी0 रोड, देहरादून, दूरभाष: 0135-2652916

विद्युत बाधित सूचना

समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 33/11 के०वी० उपसंस्थान, अनारवाला एवं राजपुर रोड के क्षेत्रान्तर्गत आर०डी०एस०एस० योजना के अन्तर्गत विद्युत लाईनों का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिस कारण विद्युत आपूर्ति निम्नानुसार पूर्ण या आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

क्र०सं०	दिनांक	उपसंस्थान का नाम	फीडर का नाम	समय	प्रभावित क्षेत्र
01	26.10.2026 से 27.10.2026	33/11 के०वी० उपसंस्थान अनारवाला	11 के०वी० देहरा फीडर	09:30 AM to 04:00 PM	नया गांव, 16 बीघा, 14 बीघा, अनारवाला, गुच्चुपानी चौक इत्यादि क्षेत्र।
02		33/11 के०वी० उपसंस्थान राजपुर रोड	33 के०वी० अनारवाला से हाथीबड़कला फीडर		नया गॉव, पुरकुल, जसपुर, भगवन्तपुर, चन्द्रोटी, गल्जवाडी, गजियावाला, इन्दरा नगर, गढ़दूवाला, जैन्तनवाला, बानगंगा, अनारवाला, कुठाल गेटी, गंगोल पंडितवाडी, 16 बीघा, गुनियाल गॉव, नया गॉव, बिष्ट गॉव, सिंगली, जसपुर, भारतवाला, गुच्चुपानी, किमाड़ी, भितरली, नया गांव, सर्वे ऑफ इण्डिया, हाथीबड़कला इत्यादि क्षेत्र।

अतः उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि जनहित के इस महत्वपूर्ण कार्य में कारपोरेशन का सहयोग करें तथा विद्युत व्यवधान की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था बनाये रखें।

No.:- 869/EE(CM)/UPCL/A-2 Date:- 23.10.2026 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु **www.upcl.org** पर जाए। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/फैक्स संख्या- 0135-2760911 पर दें।)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग चकराता
Website-http://pwd.uk.gov.in, E-Mail-eepwdchakrata10@rediffmail.com

पत्रांक- 1985 / 4ए0 दिनांक 23/10/2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्य की सील्ड निविदा दिनांक 13.11.2026 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 27.10.2026 से 13.11.2026 तक किसी भी कार्यदिवस में अधीक्षण अभियन्ता नवम् वृत्त लो०नि०वि देहरादून तथा अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो०नि०वि०, चकराता एवं अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो०नि०वि०, सहिया से प्राप्त की जा सकते हैं तथा दिनांक 14.11.2026 को अपरान्ह 2.30 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो०नि०वि०, चकराता कार्यालय में डाले जायेंगे।

क्र. सं.	कार्य का नाम	धरोहर धनराशि (रू० में)	निविदा का मूल्य (जी.एस.टी सहित)(रू0 में)	निविदा की वैधता	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	वर्ष 2026-27 में बाढ़ एवं भूस्खलन मद के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विकासखण्ड चकराता के त्यूनी - पुरोला (एस० एच0-17) मोटर मार्ग के कि०मी० 15.00 चैनेज 14/24-14/25 हनोल मंदिर के समीप क्षतिग्रस्त दीवार का पुर्ननिर्माण कार्य।	61,000.00	2000.00+18 % GST	30 दिन	01 माह	मार्ग कार्य हेतु श्रेणी डी० एवं उच्चत्तर में पंजीकृत।

निविदा दिनांक 14/11/2026 को अपराह्न 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

LIC HFL
LIC HOUSING FINANCE LTD

एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
एरिया ऑफिस हरिद्वार द्वितीय तल, सन्त भवन
बिल्डिंग, आर्यनगर, ज्वालापुर, हरिद्वार, उत्तराखण्ड

ई-नीलामी बिक्री सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने एल०आई०सी० हाउसिंग फाइनेन्स लि० का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की गई थी तथा ऋणी (ओं)/बंधककर्ता (ओं)/जमानतकर्ता (ओं) को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है, का भुगतान करने को कहा गया था। ऋणी (ओं)/बंधककर्ता (ओं)/जमानतकर्ता (ओं) के द्वारा यह राशि लौटाने में विफल होने पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13 (4) एवं धारा 14 सपठित उप नियम है के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पति का सांकेतिक कब्जा ग्रहण कर लिया गया है।

आम लोगों को विशेष रूप से ऋणी (यों)/जमानतकर्ता (ओं) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पति जो एल०आई०सी० हाउसिंग फाइनेन्स लि० के पास बंधक/प्रभारित है का सांकेतिक कब्जा एल०आई०सी० हाउसिंग फाइनेन्स लि० के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है. को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" दायित्व रहित के आधार पर दिनांक **27.11.2026** को नीलामी की जाएगी। सम्पति का विवरण नीचे दिया गया है।

क्र0 सं0	ऋणी/सह-ऋणी /गारंटर	सम्पत्ति का विवरण	मांग नोटिस की तिथि कब्जे की तिथि देय राशि कब्जे का प्रकार	आरक्षित मूल्य ईएमडी राशि बोली बढ़ाने की न्यूनतम राशि	बैंक विवरण (ईएमडी यहाँ ट्रांसफर की जानी है)	निरीक्षण की तिथि ऑनलाइन टेंडर/बिड जमा करने की अंतिम तिथि ई-नीलामी तिथि
1.	ऋणी : श्री महेश कुमार अजवानी पुत्र श्री लीलाधर अजवानी, (उधारकर्ता, जिनकी अब मृत्यु हो चुकी है ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से), **निवासी**-रामनगर खरखरी, हरिद्वार, उत्तराखंड-249401, **निवासी- प्लॉट नंबर** 103 बी, **गणपति धाम, चरण** 3, बी ब्लॉक, ग्राम जमालपुर कलां, परगना ज्वालापुर, तहसील और जिला-हरिद्वार, उत्तराखंड-249401, **गारंटर:** श्री मनीष बजाज पुत्र श्री दर्शन लाल बजाज, **निवासी**-मकान नंबर एफ-53, गणपति धाम, फेस 3, राजा गार्डन जगजीतपुर, कनखल, हरिद्वार, उत्तराखंड-249401	बंधक सम्पत्ति के सभी भाग व भूखण्ड जिसका आवासीय प्लॉट नं0 103-बी, खसरा नंबर 358 जो गणपति धाम, फेज-3, बी-ब्लॉक, ग्राम जमालपुर कलां, परगना ज्वालापुर, तहसील व जिला हरिद्वार में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 61.33 वर्ग मीटर है, सम्पत्ति स्वामी श्री महेश कुमार अजवानी पुत्र श्री लीलाधर अजवानी के नाम पर है। **सीमाएं:-पूर्व**- सड़क, **पश्चिम- प्लॉट** नंबर 86, **उत्तर- प्लॉट** नंबर 102, **दक्षिण**- प्लॉट नंबर 104।	**30.11.2024** **15.02.2025** रू0 27,83,605.27 दिनांक 30.11.2024 तक ब्याज एवं खर्चो सांकेतिक कब्जा	रू0 25,65,000.00 रू0 2,56,500.00 रू0 10,00.00	**Beneficiary Name:** LIC Housing Finance Ltd. **Beneficiary Branch Name:** Hazrat Ganj, Lucknow **Account No.** LICHFL111500004281 **IFSC Code-** HDFC0000078	23.11.2026 26.11.2026 शाम 4:00 बजे तक 27.11.2026 प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक
2.	ऋणी : श्री विवेक कुमार पुत्र श्री अनुसूइया प्रसाद, (उधारकर्ता, जिनकी अब मृत्यु हो चुकी है ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से), **निवासी**-ग्राम और पोस्ट बुधानी, श्रीनगर कोटद्वार, पौडी गढ़वाल उत्तराखंड-246147, **सह-ऋणी:** श्रीमती गायत्री देवी पत्नी श्री अनुसूइया प्रसाद, (सह-ऋणी, श्री विवेक कुमार पुत्र श्री अनुसूइया प्रसाद के ज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, उधारकर्ता), **निवासी**-ग्राम व पोस्ट बुधाणी श्रीनगर कोटद्वार, पौडी गढ़वाल उत्तराखंड-246147, **गारंटर:** श्री चंदन सिंह पुत्र श्री गोपी चंद, **निवासी**-वार्ड नंबर 10 आमपड़ाव, इंद्रानगर, कोटद्वार, पौडी गढ़वाल, उत्तराखंड-246147।	बंधक भू-तल सम्पत्ति जिसका खाता खतौनी संख्या 43, खेत संख्या 47 का, मध्ये, जो ग्राम ग्रास्टनगंज पट्टी सुखरो, कोटद्वार जिला गढ़वाल, पौडी, उत्तराखंड में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 94.80 वर्ग मीटर है, जो श्री विवेक कुमार पुत्र श्री अनुसूइया प्रसाद के नाम पर है। **सीमाएं:-पूर्व**- सड़क, **पश्चिम**- सुरेश कुमार की संपत्ति, **उत्तर**- दिनेश कुमार की संपत्ति, **दक्षिण**- दिनेश कुमार की संपत्ति।	**11.02.2025** **20.11.2025** रू0 17,43,735.66 दिनांक 11.02.2025 तक ब्याज एवं खर्चो सांकेतिक कब्जा	रू0 18,05,000.00 रू0 1,80,500.00 रू0 10,00.00	**Beneficiary Name:** LIC Housing Finance Ltd. **Beneficiary Branch Name:** Hazrat Ganj, Lucknow **Account No.** LICHFL111500003745 **IFSC Code-** HDFC0000078	23.11.2026 26.11.2026 शाम 4:00 बजे तक 27.11.2026 प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक
3.	ऋणी : 1. श्रीमती रानी देवी पत्नी श्री राज कुमार, **निवासी**- 188/17 लाल कुर्ती, रुड़की कैंट, रुड़की हरिद्वार, उत्तराखंड-246677, **निवासी**-खसरा नंबर 343 मिन, ग्राम मोहनपुरा, मोहम्मदपुर, रुड़की, परगना भगवानपुर, तहसील रुड़की, जिला-हरिद्वार, उत्तराखंड-247667, 2. श्री राज कुमार पुत्र श्री मिश्री लाल कनौजिया (ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से), **निवासी**-188/17, लाल कुर्ती, रुड़की कैंट, रुड़की, हरिद्वार, उत्तराखंड-246677, **निवासी**- खसरा नंबर 343 मिन, ग्राम-मोहनपुरा, मोहम्मदपुर, रुड़की, परगना भगवानपुर, तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार, उत्तराखंड - 247667, **गारंटर:** श्री विपिन कुमार कनौजिया पुत्र श्री राज कुमार कनौजिया, **निवासी**-188/17 लाल कुर्ती, रुड़की कैंट, रुड़की, हरिद्वार, उत्तराखंड-246677।	बंधक आवासीय सम्पत्ति जिसका खसरा नंबर 343 मिन, मोहनपुरा, मोहम्मदपुर, रुड़की, परगना भगवानपुर, तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार, उत्तराखंड-247667 में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 503.20 वर्ग फीट है, यह संपत्ति श्रीमती रानी देवी पत्नी श्री राज कुमार के नाम पर है। **सीमाएं:-पूर्व**- 10 फीट चौड़ी सड़क, **पश्चिम**- विक्रेता का घर, **उत्तर**- प्लॉट नंबर 6, **दक्षिण**- प्लॉट नंबर 8, 9, 10 व 11 हैं।	**08.09.2025** **24.11.2025** रू0 7,72,500.58 दिनांक 08.09.2025 तक ब्याज एवं खर्चो सांकेतिक कब्जा	रू0 9,50,000.00 रू0 95,000.00 रू0 10,00.00	**Beneficiary Name:** LIC Housing Finance Ltd. **Beneficiary Branch Name:** Hazrat Ganj, Lucknow **Account No.** LICHFL111500000833 **IFSC Code-** HDFC0000078	23.11.2026 26.11.2026 शाम 4:00 बजे तक 27.11.2026 प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक

अ) ई-नीलामी वेबसाइड :	https://www.bankeauctions.com
ब) सम्पत्ति और दस्तावेजों के निरीक्षण की तिथि व समय :	दिनांक 23.11.2026 को प्रातः 11:00 बजे
स) सम्पर्क व्यक्ति	श्री नितिन कुमार एवं श्री सचिन सक्सेना मो0- 8979110003 एवं 7565809481
द) निविदा/सीलबंद बोली जमा करने की अंतिम तिथि :	26.11.2026 सांय 04:00 बजे तक
क) ई-नीलामी के माध्यम से टेंडर/सीलबंद बोली जमा करने का स्थान :	https://www.bankeauctions.com
ख) ई-नीलामी तिथि	27.11.2026 प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक

नीलामी के अन्य सभी नियम एवं शर्तें आधिकारिक वेबसाइड - **https://online.lichousing.com/eauction/** में अनुबंध 2 के रूप में उल्लेखित है।

दिनांक : 23.10.2026 स्थान : हरिद्वार प्राधिकृत अधिकारी